सं.16015/1/2022-पीएमआई

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 29 फरवरी, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह जनवरी, 2024 के मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को माह जनवरी, 2024 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(अनिल फुलवारी)

निदेशक (पीएमआई)

दूरभाष: 011-23389839

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को इसे उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: माह जनवरी, 2024 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार।

**1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 28.73 | 265.81 |
| डीएपी | 3.47 | 37.67 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.66 | 5.31 |
| मिश्रित उर्वरक | 8.00 | 81.85 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 2.79 | 38.36 |

स्रोत: dbtfert.nic.in 07.02.2024 की स्थिति के अनुसार

**2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 31.74 | 100.09 | 35.43 |
| डीएपी | 4.75 | 18.99 | 4.23 |
| एमओपी | 1.72 | 8.49 | 1.20 |
| एनपीके | 8.61 | 42.86 | 8.81 |

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

**3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:**

| उत्पाद का नाम | मात्रा 'लाख मी.टन' में |
|---|---|
| यूरिया | 3.62 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 1.45 |
| डीएपी | 0.44 |
| एनपीके | 0.63 |

**4. जनवरी 2024 के दौरान तालचेर उर्वरक परियोजनाओं की वृद्धिशील प्रगति।**

**(क) <u>तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करना</u>**

भारत सरकार ने ओडिशा के अंगुल जिले में स्थित मेसर्स एफसीआईएल की तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करना अधिदेशित किया है। तदनुसार, 12.7 एलएमटीपीए क्षमता के कोयला गैसीकरण-आधारित अमोनिया यूरिया संयंत्र की स्थापना के लिए तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी निगमित की गई है, जो भारत में इस प्रकार का पहला है। इस संयंत्र की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 17 फरवरी, 2019 को रखी गई थी। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल प्रत्येक की साम्या 31.85% है और एफसीआईएल की साम्या 4.45% है।

टीएफएल परियोजना की समग्र प्रगति इस प्रकार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | दिसम्बर, 2023 तक परियोजना की समग्र प्रगति | : | 54.30% |
| ख) | जनवरी, 2024 के दौरान वृद्धिशील प्रगति | : | 1.27% |
| ग) | जनवरी, 2024 तक समग्र प्रगति | : | 55.57% |

(कई पैकेजों, जो प्रदान नहीं किए गए थे, को अब शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त भुगतान को अधिक सुव्यवस्थित करने तथा डब्ल्यूईसीएल से निधि प्रवाह को बेहतर बनाने से जून-जुलाई 2024 तक प्रगति पर बेहतर प्रभाव पड़ेगा।)

**(ख). माह जनवरी, 2024 के दौरान प्रमुख कार्यकलाप और उपलब्धियां निम्नलिखित हैं: -**

i. **विनिर्माण संबंधी गतिविधियां:**

क. **साइट पर प्राप्त कोयला गैसीफायर के सभी उपकरणों को स्थापित करने का कार्य शुरू हो गया है।** यह टीएफएल परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण भाग है और पिछले छह महीनों में इसकी प्रगति में काफी सुधार हुआ है।

ख. तीन में से **दो विशाल चिमनियों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है** और **एक बॉयलर ड्रम** साइट पर स्थापित (इरेक्टेड) किया गया है।

ग. अपरिष्कृत जल शोधन संयंत्र, डिमिनरलाइज्ड वाटर (डीएम) संयंत्र का **सिविल कार्य पूरा हो गया है।** उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

घ. **एक अपरिष्कृत जलाशय** का निर्माण पूरा हो गया है।

ड. दोनों अमोनिया भंडारण टैंक रूफ प्लेट की वेल्डिंग का कार्य पूरा हो गया है। अमोनिया टैंक-ए में बॉटम इंसुलेशन का काम पूरा हो गया है तथा अमोनिया टैंक-बी में बॉटम इंसुलेशन का कार्य शुरू हो गया है।

च. रेलवे साइडिंग का काम: तीन पैकेज पर **काम शुरू** हो गया है।

ii. **मानव संसाधन संबंधी गतिविधियां :**

क. दिनांक 13.01.2024 तक टीएफएल द्वारा ई-3 तथा ई-5 ग्रेडों में **32 कर्मचारियों** की नियुक्ति के लिए जनशक्ति भर्ती प्रक्रिया पूरी हो गई है।

ख. सितम्बर 23 तथा दिसम्बर, 2023 के बीच अनुबधिंत श्रमिकों की संख्या बढ़कर लगभग **1100** हो गई है, जिससे कुल संख्या **3000 से अधिक** हो गई है।

iii. **विविध कार्यकलाप :**

क. ब्राह्मणी नदी से 13 किमी पाइपलाइन बिछाने के प्रस्तावित कार्य में से 4 किमी बिछाने का कार्य पूरा हो गया है, 9 किमी पाइपलाइन के शेष कार्य के लिए **13.12.23** को कार्य सौंपा गया है और पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है।

ख. ओवरहेड उपकरण (चरण 1 के लिए ओएचई) निविदा 30.12.2023 को आमंत्रित की गई। तकनीकी बोलियां 31.01.2024 को खोली गई। 03 बोलियां प्राप्त हुई और इनका मूल्यांकन किया जा रहा है।

ग. ग्रिड पावर टेंडर पैकेज-1, स्विचिंग सबस्टेशन, जीआईएस और ट्रांसफार्मर: निविदा 12.01.2024 को आमंत्रित की गई है।

घ. ग्रिड पावर टेंडर पैकेज-2, ट्रांसमिशन लाइन: निविदा 29.01.2024 को आमंत्रित की गई।

ड. परियोजना से संबंधित भुगतान-सुव्यवस्थित किया गया। 30 दिनों से कम के औसत चक्र का पालन किया जा रहा है।

## 5. व्यय की स्थिति:

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 179128.48 करोड़ रुपए के कुल उपलब्ध बजट की तुलना में 192479.29 करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान को अंतरिम बजट में अनुमोदित किया गया है, जिसमें से, जनवरी 2024 के दौरान उर्वरक सब्सिडी के प्रशासन पर 24793.15 करोड़ रुपये (यूरिया: 9231.18 करोड़ रुपये, पीएण्डके 15557.23 करोड़ रुपए, स्थापना: 3.68 करोड़ रुपये, डीबीटी 1.04 करोड़ रु., तथा पूँजीगत व्यय 0.02 करोड़ रु.) का व्यय हुआ। अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के दौरान 171091.75 करोड़ रुपये (यूरिया: 111490.47 करोड़ रुपये और पीएंडके: 59561.44 करोड़ रुपये, स्थापना 34.88 करोड़ रुपए, डीबीटी 3.67 करोड़ रु. तथा पूँजीगत व्यय 1.29 करोड़ रु.) अर्थात कुल आवंटन के लगभग **88.89 %** का क्रमिक व्यय हुआ।

*******